26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 6 सितम्बर, 2026

अंक- 313 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सहारनपुर में मस्जिद के मलबे के नीचे मिला कुआं

## अब ASI करेगी जांच

सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)। यहां कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मस्जिद को ध्वस्त किए जाने के एक दिन बाद मलबा हटा तो वहां करीब 20 फीट गहरा कुआं दिखाई दिया। इससे मौके पर हलचल मच गई। मलबा हटाते समय एक भारी-भरकम स्लैब दिखा था। इस स्लैब को पोकलेन मशीन भी नहीं तोड़ सकी। इसके बाद कटर से स्लैब काटा गया तो करीब डेढ़ मीटर व्यास का कुआं दिखाई दिया, जिसकी गहराई लगभग 20 फीट है।



सहारनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिन पहले मस्जिद हटाई गई थी। आज सुबह उसके मलबे को हटाने का काम शुरू हुआ। सब कुछ सामान्य तरीके से चल रहा था। मलबा हटाया जा रहा था। मशीनें काम कर रही थीं। तभी कर्मचारियों की नजर जमीन के नीचे मौजूद एक भारी-भरकम स्लैब पर पड़ी। स्लैब को हटाने की कोशिश शुरू हुई। पहले पोकलेन मशीन लगाई गई। लेकिन स्लैब इतना मजबूत था कि मशीन भी उसे नहीं तोड़ पाई। इसके बाद कटर मंगवाया गया। स्लैब को काटकर हटाया गया। और उसके नीचे जो दिखाई दिया, उसने वहां मौजूद लोगों को हैरान कर दिया। जमीन के नीचे एक कुआं था।

# पीएम जनधन योजना के हर चौथे खाते पर लगा ताला!

## यूपी में सबसे ज्यादा जीरो बैलेंस वाले

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत हर चौथा खाता निष्क्रिय है, जबकि लगभग 5.72 करोड़ खातों में ज़ीरो बैलेंस है। यह जानकारी RTI से निकलकर सामने आई है। एक एजेंसी के मुताबिक 12 अगस्त, 2026 तक प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 59 करोड़ से ज़्यादा खातों में कुल मिलाकर 3.15 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि जमा थी। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने एक एक्टिविस्ट की RTI अर्ज़ी के जवाब में बताया कि देश भर में 59,03,74,907 PMJDY खाते थे, जिनमें कुल 3,15,179.90 करोड़ रुपये जमा थे। कुल खातों में से 32.89 करोड़ खाते महिलाओं (ट्रांसजेंडर खाताधारकों सहित) के थे, जबकि 26.14 करोड़ खाते पुरुषों के थे। आंकड़ों से पता चला कि 5,72,35,490 PMJDY खातों में ज़ीरो बैलेंस था, जबकि 15,36,77,009 खातों को निष्क्रिय माना गया। PMJDY को अगस्त 2014 में वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के तौर पर शुरू किया गया था। इसका मकसद देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच (हर परिवार के लिए कम से कम एक बेसिक बैंक खाता), वित्तीय साक्षरता और सामाजिक सुरक्षा कवर देकर उनका व्यापक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करना है।

## बाढ़ पीड़ितों को योगी का भरोसा

# आपदा की घड़ी में अकेले नहीं, डबल इंजन सरकार आपके साथ



लखनऊ, 06 सितंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित लोगों को भरोसा दिलाया है कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट दौरे से पहले शनिवार को एक सेल्फी वीडियो जारी कर बाढ़ पीड़ितों के नाम राहत और भरोसे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर जीवन की सुरक्षा और हर परिवार तक राहत पहुंचाना सरकार का संकल्प है। श्री योगी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जुटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में कोई भी व्यक्ति खुद को अकेला न समझे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वह बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए इससे पहले बलिया, फर्रुखाबाद और वाराणसी का दौरा कर चुके हैं।

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।

कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।

हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8077377404

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

URGENTLY REQUIRED

PGT (ENGLISH)

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)

LIBRARIAN

KINDERGARTEN

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Transport Facilities available for Bijnor Staff

Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377

**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,

Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

**खुशखबरी खुशखबरी**

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सस के नाम:

ANM | GNM | B.Sc. Nursing

D.Pharm | B.Pharm | BMLT

BCA | BBA | B.Tech

Polytechnic | Fashion Designing

एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY

16 लाख मे

WITH ROOM, FOOD

TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:

- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!

आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:

98374 58181, 94569 51520

Address:

ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

# 59 वर्ष बाद मिला राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक मुमताज खान को सम्मान

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजकीय इंटर कालेज में शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए शिक्षक मुमताज अहमद खान को 59 वर्ष बाद याद किया गया। राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के हाथों से 1967 में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पाने वाले शिक्षक मुमताज अहमद खान को विद्यालय स्टाफ ने नमन कर उनके चित्र को प्रधानाचार्य कक्ष में लगाया। पत्रकार व सामाजिक चिंतक मुकेश सिन्हा ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मुमताज अहमद खान का चित्र कालेज के प्रधानाचार्य सुनील कुमार को भेंट किया। मुकेश सिन्हा ने शिक्षक मुमताज अहमद खान के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान शिक्षक ही नहीं, बल्कि एक समाजसेवक बताया, जिन्होंने आजीवन अविवाहित रहकर अपने वेतन का आधे से अधिक का भाग आर्थिक रूप से कमजोर व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर व्यय किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा हम मुमताज साहब के बारे में सुनते चले आएं हैं आज उनको अपने बीच महसूस भी कर रहे हैं। उन्होंने मुमताज अहमद खान को इस कालेज व जनपद का गौरव बताया। शिक्षक अजय कुमार यादव ने उन्हें शिक्षक के रूप में एक फरिश्ता बताया जिसने स्वयं को अंधेरे में रखकर अनेक बच्चों का भविष्य संवारा है। मौहम्मद तैयब अंसारी ने संचालन करते हुए मुमताज अहमद खान के अनेक संस्मरण सुनाएं व शिक्षक वर्ग व विद्यार्थियों से उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आवाहन किया। कार्यक्रम को शिक्षक रोहित कुमार, तनवीर उर्रहमान, मोहम्मद उस्मान, शिक्षिका मोनिका राजपूत, शबाना, यासमीन आदि ने संबोधित किया। छात्रों ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए देशभक्ति गीत पर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



प्रधानाचार्य को शिक्षक मुमताज का चित्र भेंट करते मुकेश सिन्हा।

# जय कन्हैया लाल की..

नहटौर (चिंगारी)। भारी बारिश के बीच श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नहटौर में शोभायात्रा बैंडबाजों एवं भव्यता के साथ निकाली गई। शिव और नंदी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शनिवार को श्री पंचायती मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा अपने निर्धारित स्थानों मुख्य बाजार, एजेंसी से होते हुए थाने के सामने स्थित स्कूल परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में रथ पर सवार भगवान श्री कृष्णा के लड्डू गोपाल स्वरूप की श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की आदि जयघोष से वातावरण कृष्णमय हो गया। भारी बारिश भी शोभायात्रा के उत्साह को कम नहीं कर सकी। शोभायात्रा में शामिल शिव पार्वती की झांकी, देशभक्ति की झांकी, भगवान शिव का अखाड़ा, राधा कृष्ण झांकी आदि आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का शुभारंभ आलोक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यापारी नेता कपिल शर्मा, विवेक अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, पलक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पुष्पेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, अनुज गोयल, अर्पित गुप्ता, रोनिक गोयल, विनीत गोयल, नीरज कुमार, रतन सैनी, राहुल चौधरी, कमल सिंह, सुभाष सैनी, सुधीर अग्रवाल, विनिल वर्मा, राजीव, आशु कौशिक आदि उपस्थित रहे।



## वालिया ग्लोबल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा राधाकृष्णन ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों ने कविताएं, नृत्य, गीत व अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। ज्ञान के प्रकाश से हमारा जीवन व भविष्य उज्ज्वल बनाते हैं।

## महिला पत्रकारों से मारपीट के विरोध में ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चेयरमैन डॉ. तारिक जकी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अफजल अहमद अंसारी के नेतृत्व में दिल्ली के साकेत थाना पुलिस द्वारा दो महिला पत्रकारों शाहीन खान व नफीसा खान के साथ कथित मारपीट को लेकर पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में डॉ. आफताब नोमानी, आकिफ हुसैन, शाकिर अली, मुशर्रफ अली, जीशान नजीबाबादी, खिजर अहमद, नौशाद मुल्तानी, कुलदीप राजपूत, शहजाद नोमानी, अनुज शर्मा, सोनू आदित्य, शहजाद मलिक सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल प्रबंधन की ओर से शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक एम अकरम खान एडवोकेट, गोविंद सिंह कुशवाहा, निशु पाल, रूपाली पाल, अंजुम खान, मन्ताशा परवीन ने विचार रखे।

## मंदिर में किया गया फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। जन्माष्टमी के मौके पर नगर के जगन्नाथ मंदिर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कृष्ण-सुदामा संवाद का मंचन किया गया, जिसमें नन्हे छात्र भाविक जैन, कर्तव्य, जतिन कुमार ने मनमोहक मंचन किया, जिसकी सभी ने सराहना की।

## मंडावली के शिव मंदिर में जन्माष्टमी पर रामडोल बनाया गया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों को सजाया गया। मंडावली के शिव मंदिर परिसर में रामडोल बनाया गया। उसमें कृष्ण भगवान की प्रतिमा को विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मक्खन, मिस्री का भोग लगाया। धूप, दीप से आरती कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए झूला झुलाया। श्रद्धालुओं ने अपने घर में लड्डू गोपाल को दूध, दही, शहद, इत्र आदि पंचामृत से स्नान कराया। सुन्दर वस्त्र पहनाकर पूजा अर्चना की। मंदिर के शिव मंदिर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने कृष्ण भजन सुनाये। कीर्तन में तरंग कर्णवाल ने लड्डू गोपाल व तनिष्का शर्मा ने राधा के रूप में प्रतिभाग किया। भजन कीर्तन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। छोटे बच्चे कृष्ण व राधा की वेशभूषा में नजर आए। लक्ष्मी चौहान, प्रियंका चौहान, पूनम चाची, नीलम कर्णवाल, सुनीता कर्णवाल, राधा कर्णवाल, सुमन शर्मा, नेहा चौहान, सुमन चौहान, मेघा शर्मा, रमता कर्णवाल, बेबी कर्णवाल, रश्मि, माया देवी, कमला रानी, वीरवती आदि मौजूद रहे।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# नाबालिग नगीना से बरामद, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )। नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी ग्राम ढकिया, नगीना निवासी रोहित पुत्र वीरेंद्र उर्फ बिंदा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा नाबालिग को भी बरामद कर लिया है।**

पुलिस के अनुसार गत 2 सितंबर को स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिक पुत्री को कोई बहला फुसलाकर भगा ले गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पवार ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये थे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से नाबालिक को एक युवक के साथ बाइक पर जाते हुए देखा गया था।



बाइक का नंबर स्पष्ट न होने एवं दोनों के चेहरे ढके होने के बावजूद पुलिस टीम ने नाबालिग को आजाद कॉलोनी नगीना जनपद बिजनौर से सकुशल बरामद कर लिया है तथा प्रकरण में संलिप्त आरोपी रोहित को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मेहराजुद्दीन, अपर उप निरीक्षक अहसान अली, कांस्टेबल चंद्रपाल सितांशु, कुलदीप व सपना रावत शामिल थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बच्ची झुलसी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** घर की छत से होकर गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक 9 वर्षीय बच्ची घायल हो गयी जिसके बाद बच्ची के पिता ने इलाज कराया और विद्युत विभाग को घर की छत के पास से हाईटेंशन लाइन हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया ।

मोहल्ला हिंदू चौधरियान निवासी सोनू सैनी पुत्र हरपाल सैनी ने विद्युत उपखंड अधिकारी को प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि उसकी 9 वर्षीय पुत्री 23 अगस्त को घर की छत पर गयी और अचानक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट मे आने से गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसके बाद उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। भविष्य मे कोई खतरा न हो, इसलिए उक्त लाइन को हटा दिया जाये। जिससे उसके बच्चे सुरक्षित रह सके। सम्बंधित अधिकारी का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

# गौकशी में संलिप्त रहे लोगों की थाने पर हाज़िरी

## हिदायत दी- आगे ऐसा कृत्य न करें!

**स्योहारा ( चिंगारी )। गौकशी जैसे अपराधों में संलिप्त रहे 25 लोगों को थाने बुलवाकर पूछताछ हुई और हिदायत दी आगे ऐसे कृत्य न करें ।**

थानाध्यक्ष संजय कुमार तौमर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के ऐसे 25 लोगों को बुलाया गया था जो गोकशी जैसे अपराधों मे संलिप्त रहे थे। उनसें पूछताछ की गयी और उनके व्यवसाय की जानकारी करते हुए चेतावनी दी गयी कि भविष्य में वह ऐसा न करे नही तो कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। गौकशी जैसे घटना की सुचना होने एंव घटना से पूर्व मिली जानकारी को अवगत करायेंगे, जिससे इस तरह की घटना होने से पूर्व ही अपराधियों को पकड़ा जा सके। थानाध्यक्ष संजय तोमर का कहना है कि समय समय पर पुलिस भी ऐसे लोगों के घर पहुंचती है और जानकारी करती रहती है।

# जर्जर छज्जा गिरने से कार क्षतिग्रस्त

**स्योहारा ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बारिश के चलते शनिवार की शाम को एक छज्जा गिरने से एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुच घटना की जानकारी की और मलवे को हटवाया। गनीमत रही अन्य कोई जानमाल की हानि नहीं हुई। लगातार हो रही बारिश में मोहल्ला कस्बा पुराना गांधी आश्रम निवासी नदीम अहमद पुत्र अब्दुल वहाब का मकान का छज्जा बरसात में कमजोर होने के कारण गिर गया, जिसके नीचे खड़ी गाड़ी आई 20 क्षतिग्रस्त हो गई।

# पुल की एप्रोच हुई कमजोर भारी वाहनों पर रोक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कालागढ़ रोड स्थित अमला नदी के पुराने पुल की एप्रोच की साइड में लगी सपोर्ट के नीचे से मिट्टी बह जाने के कारण एप्रोच कमजोर हो गई है। एप्रोच में पहले भी कमी आ चुकी थी, लेकिन अब तक इसकी सही तरीके से मरम्मत नहीं कराई गई। एप्रोच की हालत को देखते हुए पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने एप्रोच की जल्द से जल्द मजबूत तरीके से मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, स्थानीय बस स्टैंड स्थित कब्रिस्तान में बिजलीघर के सामने खड़े कई भारी यूकेलिप्टस के पेड़ों में से एक पेड़ गिरकर बिजली के तारों पर लटक गया है। पेड़ के तारों पर लटके होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पेड़ को जल्द हटाने की मांग की है।


# आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक मकान रकबई 83.61 वर्ग मीटर, चौहद्दी पूरब रास्ता 10 फिट चौड़ा, पश्चिम मकान अबरार अहमद, उत्तर मकान मुबारिक हुसैन, दक्षिण मकान हाशम अली, स्थित मौहल्ला रविदास नगर, कस्बा नूरपुर, परगना बूढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर है। इस सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी मौ. शारीक व मौ. शाहवाज पुत्रगण मौ. शाकिर निवासी मौहल्ला रविदास नगर, कस्बा नूरपुर, परगना बूढ़पुर, तहसील चान्दपुर, जिला बिजनौर, वसीयत पत्र दिनांक 10.05.2023 बही 03, जिल्द 179, पेज 101-112, क्रमांक 236 से मालिक व काबिज हैं।

**उपरोक्त सम्पत्ति को बन्धक कर वर्तमान स्वामी मौ. शारीक व मौ. शाहवाज उपरोक्त फ्यूजन फाइनेन्स लिमिटिड से ऋण लेना चाहते हैं। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति है तो सात दिन के अन्दर निम्नलिखित पते पर आपत्ति दर्ज कर सकता है।**

**-संजीव कुमार चौहान एडवोकेट, जिला एवं सत्र न्यायालय, बिजनौर**
**मोबाइल नं. 97 58 52 53 54**



Hero

★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू

Hero

पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# नहर ने कब्ज़ाया खेत!

**सत्यवीर सिंह-सुआवाला**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नहर जिसका कार्य खेतों को सीचने का, आज वही खेतों पर कब्जा कर रही है। बिजनौर जनपद के ब्लॉक अफ़जलगढ़ के राजस्व गांव मुरादनगर में नहर गाटा संख्या 95 ने 14 वर्षों में चलकर खेत गाटा संख्या 111 के 1460 वर्ग मीटर रकबे पर कब्जा कर लिया है।

अधिशासी अभियन्ता अफ़जलगढ़ सिचाई खण्ड, धामपुर के पत्रांक 156/अ.सि.ख./जनसूचना/ दिनांक-धामपुर 15/04/2010 द्वारा बताया गया कि मुरादनगर अल्पिका (नहर) का निर्माण 1966-67 में हुआ था। नहर निर्माण के पांच वर्ष बाद मौजा मुरादनगर की चकबंदी हुई। मुरादनगर के भू-चित्र पर चकबंदी सन् 1378 फसली तदानुसार सन् 1971-72 अंकित है। चकबंदी के समय में नहर गाटा संख्या 95 तथा नाली गाटा संख्या 110 के बीच खेत गाटा संख्या 111 बनाया गया। नहर और नाली के बीच बने खेत की पश्चिम दिशा की भुजा 28.8 मीटर तथा पूर्व दिशा की भुजा 67.43 मीटर थी। यह दूरी upbhunaksha.gov.in पर प्रदर्शित माप के अनुसार है। अधिशासी अभियन्ता अफ़जलगढ़ सिचाई खण्ड, धामपुर के पत्रांक 105 दिनांक धामपुर 17/02/2010 के अनुसार खेत गाटा संख्या 111 पर नहर की पटरी की चौड़ाई 41 फुट (12.5 मीटर) है। इस प्रकार पश्चिम दिशा में नहर के मध्य से नाली 110 की दूरी 41.3 मीटर है।

यह नहर अपने निर्माण काल 1966-67 से 2011-12 तक अपने मूल स्थान पर रही। 2011 में खेत गाटा 111 के किसान ने ठियबन्दी की तत्कालीन धारा 41 एल. आर. एक्ट. के तहत परगनाधिकारी धामपुर के न्यायालय में वाद दायर किया। खेत गाटा संख्या 111 की पैमाइश हुई। तत्कालीन पूर्व राजस्व निरीक्षक ने अपनी आख्या में बताया कि नहर अपने मूल स्थान पर है।

गाटा संख्या-111 की मापों की तुलनात्मक सारणी

| गाटा संख्या-111 भुजाओं की दिशा। | राजस्व निरीक्षक श्री सतीश प्रकाश की पैमाइश आख्या के अनुसार माप। | राजस्व निरीक्षक श्री मदनपाल सिंह की पैमाइश आख्या के अनुसार माप। | राजस्व परिषद् उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://upbhunaksha.gov.in के अनुसार वास्तविक माप। |
|---|---|---|---|
| पश्चिम दिशा की भुजा | 14 मीटर | ( 10 गट्ठे ) 25.5 मीटर | 28.8 मीटर (18.37+8.34+2.17) |
| उत्तर दिशा की भुजा | 230.60 मीटर | ( 83 गट्ठे ) 208.72 मीटर | 221.63 मीटर ( 3.28+8.78+8.98+8.81+4.66+8.29 +2.62+7.71+13.26+8.20+18.37+11.78 +13.08+32.97+51.91+18.93 ) |
| पूर्व दिशा की भुजा | 64 मीटर | ( 26.5 गट्ठे ) 66.63 मीटर | 67.43 मीटर ( 67.43 ) |
| दक्षिण दिशा की भुजा | 218.40 मीटर | ( 81 गट्ठे ) 203.68 मीटर | 203.75 मीटर ( 63.41+140.34 ) |

राजस्व निरीक्षक द्वारा समय से पैमाइश आख्या न देने के कारण प्रतिपक्षी की आपत्ति के कारण 13 वर्ष बाद राजस्व की आख्या न्यायालय द्वारा निरस्त कर दी गई और आवेदन निरस्त कर दिया गया। परगनाधिकारी के आदेश को मंडलायुक्त मुरादाबाद के न्यायालय में चुनौती दी गई। मंडलायुक्त ने परगनाधिकारी धामपुर के आदेश को त्रुटिपूर्ण मानकर परगनाधिकारी धामपुर को पुन: पैमाइश कराकर आख्या प्राप्त कर गुण दोष के आधार पर वाद निस्तारित करने के आदेश दिए।

मंडलायुक्त के आदेश के अनुपालन में राजस्व निरीक्षक द्वारा 04/05/2026 को खेत गाटा संख्या 111 की पैमाइश की गई। वर्तमान राजस्व निरीक्षक ने परगनाधिकारी के न्यायालय में दिनांक 14/05/2026 हस्ताक्षरित आख्या सौपी। अपनी पैमाइश आख्या में वर्तमान राजस्व निरीक्षक ने बताया ( खेत गाटा 111 में) 'कि 14 मीटर पर प्रार्थी की भूमि पर नहर बन गई'।

लगता है बार-बार नपाई से नहर क्रूद्ध हो गई। खेत के अस्तित्व में आने से पांच वर्ष पहले बनी नहर ने खेत में घुसकर गाटा संख्या 111 के पश्चिम दिशा की भुजा पर खेत की ओर 14 मीटर चलकर खेत के 1460 वर्ग मीटर रकबे पर कब्जा कर लिया।

खेत गाटा संख्या 111 का मालिक प्रतिवर्ष लगान जमा करता है। वह परेशान है नहर द्वारा किये गए अतिक्रमण की शिकायत किससे करें?

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# सपा नेता पंकज अग्रवाल ने शिक्षकों को सम्मानित किया



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेता पंकज अग्रवाल के आवास पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सपा नेता पंकज अग्रवाल द्वारा शिक्षक मोहम्मद असलम, नर सिंह, राशिद मलिक, अंकित गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, मौ. यूनुस, मोहम्मद शहजाद को सम्मानित किया गया। मास्टर राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता तथा मोहम्मद उस्मान के संचालन में संपन्न विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से शिक्षा लेने और देश में शिक्षा के स्तर को सुधारने तथा देश का भविष्य संवारने के लिए कार्य किये जाने पर बल दिया। विचार गोष्ठी में कार्यक्रम के आयोजक सपा नेता पंकज अग्रवाल, मोहम्मद इश्तियाक उर्फ आशू, पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन, अखलाक खान, इरशाद मलिक, सुशील कुमार आर्य, सपा नेता खुर्शीद सलमानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मेले में मोमोज का ठेला लगाने जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत


मृतक का फाइल फोटो

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अपने परिवार के भरण-पोषण हेतु चार पैसे कमाने की गरज से म्हाढ़ी के मेले में मोमोज का ठेला लगाने आए एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डांडी निवासी सचिन पुत्र बोरन सिंह बादीगढ़ के निकट लग रहे म्हाढ़ी के मेले में अपने एक अन्य साथी दीपांशु के साथ मोमोज का ठेला लगाने के लिए आया था। इसके लिए वह थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम कलारामपुर स्थित अपनी ससुराल में रुका हुआ था। मेले के प्रथम दिन शनिवार की प्रातः जब सचिन व दीपांशु अपना ठेला लेकर ससुराल से मेले की ओर चले तो बादीगढ़-केहरीपुर मार्ग पर एक बड़ के पास पीछे से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने उनके ठेले में भीषण टक्कर मार दी, जिसमें सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया और दीपांशु भी चोटिल हुआ। सचिन को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# शिव मंदिर में महिलाओं ने किया 'एक शाम कान्हा जी के नाम' का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा में महिला कमेटी द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 'एक शाम कान्हा जी के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रात: मंदिर परिसर में रामडोल की स्थापना भी की गई। श्रीमती वंदना अग्रवाल तथा सुधीर अग्रवाल सर्राफ द्वारा श्री राधा-कृष्ण को तथा लड्डू गोपाल को पंच रस से स्नान कराकर, वस्त्र परिवर्तित व श्रृंगार करके पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या का प्रारंभ उमा वर्मा द्वारा अच्युताषट्कम स्तुति द्वारा किया गया। रुक्मणी वर्मा, दीपमाला वर्मा, बीना अग्रवाल तथा अन्य भक्तों ने भी कान्हा जी के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, कमलेश वर्मा, शालिनी वर्मा, नैंसी वर्मा, बीना अग्रवाल, बबीता शर्मा, विजय वर्मा, महेंद्र वर्मा ज्वैलर्स, जितेंद्र वर्मा ज्वैलर्स, अभय वर्मा, संजय वर्मा प्रेमवती आदि उपस्थित रहे।

# यूनिवर्सल एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस




**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी, उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने संयुक्त रूप से डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वन्दना से की गई। इसके पश्चात छात्र/छात्राओं ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से गुरु के महत्व को दिखाया, जिसे देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज मिस्टर अभिलाष, अनीता चौधरी, कॉर्डिनेटर कविता शर्मा और अन्य कॉर्डिनेटर सूरज, रूपाली, फरहा, डांस शिक्षक ओम व सृष्टि, म्यूजिक शिक्षक नितिन, संजय, फाइन आर्ट इंचार्ज नितिन चौधरी, प्रज्ञा आदि का योगदान रहा।

# बारिश व कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली रामडोल शोभायात्रा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित पारंपरिक रामडोल शोभायात्रा शनिवार को भारी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण में निकाली गई। इसमें भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराम, राधा-कृष्ण, शिव परिवार, हनुमान जी सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। जिन्हें देख नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा को प्राचीन शिव मंदिर से मुख्य यजमान पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया के कर कमलों से पंडित नीरज गौड़ ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल तोड़कर पारंपरिक मार्गों से निकालने के लिए रवाना किया।



बैंडबाजों, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु जय श्रीराम और जय श्रीकृष्ण के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय एवं प्रसाद की व्यवस्था की। शोभायात्रा को संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिसकर्मी पूरे मार्ग पर लगातार गश्त करते रहे। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक डायवर्जन किए गए तथा प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के चलते शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

हल्की बूंदाबांदी के बीच रंग-बिरंगी झांकियों, आकर्षक विद्युत सज्जा और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल कलाकारों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा को देखने के लिए नगर के विभिन्न मोहल्लों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही और श्रद्धालु देर तक धार्मिक उत्सव का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का कमेटी अध्यक्ष पंडित ऋषभ देव राजा ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान, राशु चौहान, सीपी सिंह, प्रियंकर राणा, ब्लाक प्रमुख उज्वल कुमार, पुष्पेंद्र शेखावत, निशांत कर्णवाल, प्रणय मनु गुप्ता, धर्मेंद्र जोशी, डॉ. वीरेंद्र सिंह, चित्रांगद भारद्वाज आदि सैकड़ो श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। सुरक्षा की दृष्टि से चार सीओ, पीएसी के जवान व एसओ प्रवेज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

## एकेडमी में मनाया गया शिक्षक दिवस

**नगीना ( चिंगारी )।** एस.एस.के. इंटरनेशनल एकेडमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंध निर्देशिका सिद्धि अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई के द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए नृत्य,नाटक आदि विभिन्न प्रकार के आयोजनों को प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल आयोजन किए गए। सभी शिक्षकों ने रैंप वॉक प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों को भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंध निर्देशिका सिद्धि अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। समारोह द्वारा गुरु-शिष्य के स्नेह, सम्मान और संबंधों को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने किया।




## खेत में गौवंश के अवशेष मिलने से हड़कम्प

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम मुससेपुर स्थित खेत में गौवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों को जांच कराने के उपरांत दफना दिया। शनिवार को ग्राम मुससेपुर पाली निवासी अरुण कुमार अपने दोस्त के साथ खेतों पर गये थे। गांव के ही शीशपाल के खेत में गौवंश के अवशेष दिखाई दिये। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी व टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जिसमें मौके पर गौवंश की गर्दन व खाल मिले। अवशेषों के परीक्षण के उपरांत करके उन्हें दबा दिया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि गौवंश के अवशेष किसी अज्ञात व्यक्ति ने खेत में लाकर डाले हैं। मौके पर खून पड़ा हुआ नहीं मिला।



## स्कूल में चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने स्कूल से एक मोबाइल, एक लैपटॉप व 68600 रूपये चोरी कर लिये। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम सकतलपुर मिलक निवासी कपिल कुमार ने बताया कि वे ग्राम बसेड़ी स्थित शेर सिंह मैमोरियल जूहा स्कूल में प्रधानाचार्य हैं। चोरों ने स्कूल में रखा एक मोबाइल, एक लैपटॉप व 68600 रूपये चोरी कर लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## आकाशीय बिजली गिरने से भैंस व कटिया मरी

**चांदपुर ( चिंगारी )। आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की भैंस व कटिया की मौत हो गई।**

**शनिवार को बास्टा क्षेत्र के ग्राम शादीपुर में किसान जोगेश सिंह की भैंस व कटिया घेर में बंधी हुई थी। आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गई।**

## शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर टीईटी का विरोध किया



नगीना (चिंगारी)। टीईटी अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए विकास क्षेत्र कोतवाली के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व संविलियन के शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। शिक्षक नेता यशपाल सिंह ने बताया कि प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालय मोहम्मदपुर त्रिलोक, बूढ़ावाला, हीरावाली, समसपुर सद्दो, कायमनगर, इस्लामाबाद, काजीवाला, हसनअलीपुर हीरा, माहेश्वरी जट, शेरनगर नरैनी, पित्तनहेरी, इस्माईलपुर दमी, रामजीवाला, पुरैनी, खानपुर मानक, कालाखेड़ी, अब्दुल अजीजपुर, शेखपुरा तुर्क, अलीपुर मोलहड़, हरवंशपुर धारम, झिलमिला, मलकपुर अब्दुल्ला, जाफरपुर, रसूलपुर मुज़फ्फर, टांडा साहुवाला, नूरपुर अरब, सरदारपुर छायली, गोपीवाला, इनायतपुर, हुसैनाबाद, चन्दनवाला, टांडामाईदास, शाहलीपुर गांवड़ी, कस्बा कोटरा आदि सैकड़ों विद्यालयों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया तथा भारत सरकार से विरोध जताया।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 07 सितम्बर 2026**

**मेष-** आज दिन 12/39 बजे तक कुछेक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी का एहसास, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, द्रव्य की क्षति।

**वृषभ-** योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म में आस्था, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

**मिथुन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुखशांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

**कर्क-** आज दिन 12/39 बजे तक समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, विवाद भी शेष समय मित्रों से गलतफहमी दूर होने को।

**सिंह-** आज दिन 12/39 बजे तक समय बेहतर, आत्मबल से कार्यसिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, विवाद एवं भाग्य में उलझनें सम्भव, सजगता जरूरी।

**कन्या-** समय बेहतर मनोवांछित सफलता का सुयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवारिक खुशी, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आमोद प्रमोद की ओर रुझान।

**तुला-** दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों-परिजनों से अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति, विरोधी पराभूत, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**वृश्चिक-** आज दिन 12/39 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, धर्म अध्यात्म में आस्था।

**धनु-** आज दिन 12/39 बजे तक योजना साकार होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, साझेदारी के व्यापार में हानि।


**मकर-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवन साथी से सहयोग, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

**कुम्भ-** उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सकुशल।

**मीन-** आज दिन 12/39 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शेष समय उन्नतिकारक, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, आर्थिक उन्नति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# बालकिशनपुर में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता



**शेरकोट (चिंगारी)।** जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम बालकिशनपुर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व गांव के चामुंडा मंदिर प्रांगण में पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मवीर चौहान, अतुल चौहान ,खुशीराम सिंह, रामनारायण सिंह, गौतम सिंह, मोहित कुमार, रघुवीर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत विधिवत ढंग से गांव में रामडोल शोभायात्रा निकाली गई, जो शिव मंदिर पहुंची। जहां उत्साह के माहौल में युवाओं ने मटकी फोड़ कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया। इस अवसर पर मास्टर लक्ष्मण सिंह, सत्येंद्र कौशिक, ओम प्रकाश चौहान, अजीत सिंह, पूर्व प्रधान ललित शर्मा, परविंदर छाबड़ा, प्रदीप छाबड़ा, प्रधान सुरेंद्र चौहान, नितिन शर्मा, प्रकाश चौहान, मोनू चौहान, विजय सैनी, खूब सिंह, इंद्रदेव सैनी ,मदनपाल सिंह, नरेंद्र ठाकुर, हरीश प्रजापति, अमित प्रजापति, तरुण कौशिक, विपुल चौहान, महेश चौहान, भूपेंद्र छाबड़ा, गजेंद्र ठाकुर, विकास चौहान, गौरव कुमार, सुमन कुमारी, सुनीता देवी, भगवती देवी, हृदेश, लक्ष्मी देवी, कमलेश देवी, राजवती, उषा देवी, सुषमा आदि सैकड़ों ग्राम वासी उपस्थित रहे।


## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री देवेन्द्र कुमार** द्वारा **संस्था श्री बाबा जाहरबीर मन्दिर समिति, सरकड़ा चकराजमल, जनपद बिजनौर** का **अध्यक्ष** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. लाखन सिंह- संरक्षक, 2. देवेन्द्र कुमार- अध्यक्ष, 3. योगेन्द्र कुमार- उपाध्यक्ष, 4, अरविन्द कुमार- कोषाध्यक्ष, 5. टीकम सिंह- मंत्री, 6.हरिराज सिंह- उपमंत्री, 7. संजय कुमार- सम्प्रेक्षक, 8. महेन्द्र सिंह, 9. प्रमोद कुमार- सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक


## पूर्व सैनिकों ने बीमार रोगियों के लिए अस्पताल को प्रदान की कन्फर्ट सामग्री

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से बेस अस्पताल में भर्ती बीमार, गरीब और असहाय मरीजों की सुविधा के लिए मेडिकल कंफर्ट सामग्री प्रदान की गई। समिति की ओर से अस्पताल को डायपर, सर्जिकल ग्लव्स, एयर मैट्रेस सहित अन्य आवश्यक सामग्री सौंपी गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि पूर्व सैनिक संघर्ष समिति सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। कहा कि पूर्व सैनिकों ने अपने सेवाकाल में देश की सेवा की है और अब समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा होना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को यथासंभव सहयोग उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी समिति की ओर से दिव्यांगजनों की सहायता के लिए व्हीलचेयर सहित अन्य उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस अवसर पर मेहरबान सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह बिष्ट, ठाकुर सिंह और अनसूया प्रसाद सेमवाल सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## विद्या मंदिर में हुआ 'शिक्षक वंदन' कार्यक्रम




**जैतरा/धामपुर (चिंगारी)।** विद्या भारती से सम्बद्ध मां शान्ति बाई सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 'शिक्षक दिवस' पर शिक्षक वन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख शिव कुमार शर्मा, विद्यालय प्रबन्ध समिति के सहव्यवस्थापक यशवीर सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया गया। इस अवसर पर कु. तासिफा ने डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन परिचय व भार्गव प्रताप ने उनके प्रेरक प्रसंग सुनाये। क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख शिव कुमार शर्मा ने कहा कि राधाकृष्णन जी के जीवन से प्रेरणा लेकर सभी भैया बहिनों को समाज एवं देश की प्रगति के लिए अपना योगदान देना होगा तथा सभी को अपने गुरु का सम्मान करते हुए अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह को शिव कुमार शर्मा एवं यशवीर सिंह द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में सेवा कार्य कर रहे मोहित कुमार, श्रीमती कमला को छात्र संसद प्रमुख भैया बहिन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य धर्मेन्द्र सिंह ने किया।

## शीतल स्वयं सहायता समूह, आत्मनिर्भरता को कर रहा साकार अपने उत्पादों के कारण प्राप्त कर चुका कई पुरस्कार

**नैनीताल (चिंगारी)।** नैनीताल-उत्तराखंड के हल्द्वानी में शीतल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हुनर और मेहनत के बल पर आत्मनिर्भरता की एक मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री धामी के स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण के विजन से प्रेरणा लेकर इस समूह ने स्थानीय पहाड़ी फलों जैसे सेब, आड़ू और प्लम से शुद्ध जैम, चटनी और मिठाइयां तैयार करना शुरू किया। इसके अतिरिक्त हर्बल टी भी बनाई जाती है जिसे ये स्थानीय बाजार और ऑनलाइन मार्केट में बिक्री कर अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। समूह अध्यक्ष दीपा लोधियाल के कुशल नेतृत्व में 7 महिलाओं की यह टीम आज अपने उत्पादों को न केवल स्थानीय मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से बेच रही हैं बल्कि ऑनलाइन माध्यमों से दिल्ली, लखनऊ और बेंगलुरु जैसे बड़े महानगरों तक भी पहुंचा रही है। इस प्रयास से समूह की सालाना आय लगभग दो लाख रुपये तक पहुंच गई है। आजीविका को मजबूत करने और अन्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के कारण इस समूह को 'लखपति दीदी पुरस्कार' के साथ-साथ राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। शीतल स्वयं सहायता समूह आज सही मायनों में पहाड़ी उत्पादों को नई पहचान दिलाते हुए मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर उत्तराखंड के सपने को धरातल पर सच कर रहा है।

## जन्माष्टमी पर धामपुर के मंदिरों में सजाई गईं आकर्षक झांकियां


रामडोल को कंधे पर ले जाते हुए नीरज प्रताप सिंह।

**धामपुर (चिंगारी)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर नगर के विभिन्न मंदिरों में आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां सजाई गईं। मौहल्ला पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर, मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर, मौहल्ला लोहियान स्थित चामुंडा देवी मंदिर तथा मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित वाल्मीकि मंदिर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया। मंदिर परिसरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं से संबंधित झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। कहीं बाल गोपाल को सुंदर झूले में विराजमान किया गया तो कहीं माखन चुराते कान्हा की मनमोहक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नंद गोपाल को झूला झुलाया। ग्राम मनकुआ में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम जुलूस के दौरान किया गया। जुलूस का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर रविंद्र सिंह देवराज सिंह कपिल दिशांत अनीता देवी निर्मला देवी इल्ले सिंह ओम प्रकाश सिंह आलोक कुमार कमल कुमार सुरेंद्र सिंह एमिशन सिंह रोहित कुमार आदि मौजूद रहे। मंदिरों में देर रात तक भजन-कीर्तन, संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिरों के आसपास पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

# 120 शिकायतें आईं, 9 मौके पर निपटाईं

## समाधान दिवस में शामिल हुईं मंडलायुक्त



**चांदपुर (चिंगारी)।** शनिवार को तहसील परिसर स्थित सभागार में मंडलायुक्त मुरादाबाद संगीता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 120 शिकायतें आईं, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा मंडलायुक्त ने 25 शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर शिकायतों के गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर ग्राम अकबरपुर तिगरी के प्रधान अबरार अहमद ने ग्रामवासियों को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराये जाने की मांग की, जिस पर मंडलायुक्त ने सम्बंधित विभाग को दो दिन के भीतर ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। ग्राम लतीफपुर चुखेड़ी के ग्रामीणों ने गांव के ही कुछ लोगों पर गांव में स्थित तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए तालाब पर किये गये कब्जे को हटाये जाने की मांग की। मंडलायुक्त ने दो दिन के भीतर तालाब पर किये गये कब्जे को हटाये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनेक विद्युत उपभोक्ताओं ने अधिक बिल आने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।




# सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**बिजनौर (चिंगारी)।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक प्रो.(डा.) अमित कुमार बंसल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लोकेश अग्रवाल एवं समस्त विभागाध्यक्षों ने संयुक्त रूप से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन शिक्षकों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व गौरवान्वित होने का दिन है। कार्यक्रम का संचालन सुरभि ढाका एवं आफिया सिद्दीकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष- अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. फैजल अंसारी,शुएब आलो खान व सरिता बंसल सहित सुनील कुमार भारद्वाज, विमल कश्यप, गजेंद्र सिंह, निकिता सिंह, विपिन कुमार, डॉ. अभिषेक चौधरी, विवेक कुमार, एन.पी.एस.भंडारी, फुरकान अहमद, निगम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आधारशिला स्कूल में शिक्षक दिवस पर हुई विशेष प्रार्थना सभा



**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी ने संयुक्त रूप से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन किया। कक्षा 11 के छात्र उद्धव ने एक बहुत ही प्यारा गीत सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा नवम अ की छात्रा तनुष्का ने अंग्रेजी भाषा के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक ही समाज का आईना होता है। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनकर देश की सेवा करते रहने की सीख दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेगी, स्कूल-कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी, पूजा पाण्डेय, हेमंत त्यागी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी-विभागाध्यक्ष चतुर्भुज पाण्डेय ने किया।

# शिक्षक की भूमिका काबिले गौर, उसी के हाथ में होती बच्चे के भविष्य की डोर- सुधांशु सिंह

**बिजनौर (चिंगारी)।** एलआरडी एसवीएम इंटर कॉलेज मण्डावर, बिजनौर द कैम्ब्रिज में महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह, इंजीनियर सुधांशु सिंह एवं प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने संयुक्त रूप से दीप एवं धूप प्रज्वलित कर तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया।

इस अवसर पर आचार्य अमित कुमार ने शिक्षकों के सम्मान में प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।




इंजीनियर सुधांशु सिंह ने शिक्षकों की महत्ता को एक पतंग और उसकी डोर के सुंदर उदाहरण के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार पतंग को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उसकी डोर का महत्वपूर्ण योगदान होता है, उसी प्रकार विद्यार्थियों को जीवन में सफलता एवं ऊंचाइयों तक पहुंचाने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्रबंधक भूदेव सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके महान शिक्षाविद् एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनने की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से आचार्यों एवं आचार्या बहिनों को सम्मानित किया गया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला नगीना का रामडोल जुलूस



रामडोल जुलूस में शामिल मनमोहक झांकी।


रामडोल जुलूस में शामिल डोले में भगवान श्री कृष्ण के कपड़े लिए बैठे पंडित विपिनचंद्र त्रिपाठी।

**नगीना ( चिंगारी )**। रिमझिम बारिश के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश का बहुचर्चित व नगीना का सुप्रसिद्ध परंपरागत रामडोल का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को निकाला गया। जुलूस के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जाने के बाद आयोजकों व पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। रामडोल जुलूस में चार आकर्षक व मनोहारी झांकियां, एक भगवान श्री कृष्ण का डोला, नौ अखाड़े व एक बैंड शामिल रहा।

शनिवार की दोपहर करीब एक बजे रामडोल जुलूस में शामिल होने वाली चार झांकियां कोतवाली मार्ग स्थित साहू ट्रेडर्स से तैयार होकर बैंडबाजे के साथ बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, प्रबंधक मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, सचिन बिश्नोई, सिद्धार्थ चौधरी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, राजकुमार विश्नोई, ट्विंकल अग्रवाल, सभासद गोपाल शर्मा आदि के नेतृत्व में नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग, गांधी मूर्ति, लुहारी सराय होते हुए करीब ढाई बजे प्राचीन बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ के बाहर पहुंची। इससे पहले नगर पालिका कार्यालय के सामने से सैनी समाज का एक अखाड़ा झांकियों में शामिल हुआ। बड़ा मंदिर से अन्य मोहल्ले से आए आठ अखाड़े शामिल हुए। बड़ा मंदिर में मुख्य पुजारी डॉ. विपिनचंद्र त्रिपाठी ने पूरे विधिविधान के साथ हवन पूजन व पूजा अर्चना के बाद अखाड़ों के उस्ताद व खलीफाओं को तिलक लगाकर रवाना किया। रामडोल जुलूस में अखाड़ों व झांकियों के बाद अंत में भगवान श्री कृष्ण का एक भव्य डोला चल रहा था, जिसमें पुजारी डॉ. विपिनचंद्र त्रिपाठी भगवान श्री कृष्ण के पोतड़े लिए बैठे थे।

थाने के मुख्य द्वार पर पुलिस व प्रशासन ने अखाड़ों के खलीफाओं के उस्तादों को पगड़ी बांधकर व नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम प्रिंस कुमार, एसडीएम न्यायिक आशुतोष रामप्यारे जैसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, थाना अध्यक्ष विकास कुमार, पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष शीतांशु अग्रवाल, डॉक्टर भूपेश चौहान, संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, सोहन सैनी, मोहित गोयल, अविरल मित्तल, लवी मित्तल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। यहां से जुलूस रात्रि करीब नौ बजे बढ़ापुर रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला में जाकर संपन्न हुआ। यहां प्राचीन ब्राह्मणी वाला तालाब में पुजारी पंडित विपिनचन्द्र त्रिपाठी ने भगवान श्री कृष्ण जी के पोतड़े धोने की रस्म पूरी की। यहां जुलूस में शामिल झांकियों के कलाकारों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर पालिका की तरफ से थाने के गेट पर स्वागत शिविर लगाया गया था, जहां चेयरपर्सन के पुत्र शेख शाहनवाज खलील ने रामडोल जुलूस में शामिल लोगों का पानी की बोतलों व शीतल पेय के साथ स्वागत किया।


नगीना के रामडोल जुलूस में शामिल अखाड़े में भारी मुंगरी उठाते युवा सार्थक गुप्ता।

### बारिश में भीगते हुए करतब दिखाये

शनिवार को नगीना में सुबह सवेरे से रात्रि तक लगातार तेज वर्षा होती रही। वर्षा के बावजूद जुलूस में शामिल अखाड़े के कलाकार बारिश में भीगते हुए अपने करतब दिखाते रहे। तेज बारिश भी लोगों की आस्था व उत्साह को हल्का नहीं कर सकी।

## पुरैनी में भव्य झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

**नगीना ( चिंगारी )**। ग्राम पुरैनी में शनिवार को पारंपरिक रामडोल शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि बढ़ापुर विधायक सुशांत सिंह ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में 20 से अधिक ट्रैक्टर, एक दर्जन भव्य झांकियां और डीजे शामिल रहे। पारंपरिक मार्ग से निकली शोभायात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। रामडोल कमेटी ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत,भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत, आयोजक रितिक चौहान, धर्मपाल सिंह, दीपक चौहान, आमोद चौहान, डॉ. सुशील कुमार, पूरन सिंह, अजय कुमार, नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


शोभायात्रा का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक कुंवर सुशांत सिंह।

# भारी बारिश के बावजूद अखाड़े के कलाकारों का उत्साह ठंडा नहीं पड़ा

## शेरकोट में धूमधाम से निकला रामडोल का जुलूस

**शेरकोट ( चिंगारी )**। शनिवार को रिमझिम बारिश के बीच नगर में रामडोल का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में अखाड़े और मनमोहक झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं।

विगत वर्षों की भांति मोहल्ला फतेहनगर स्थित गढ़ी मंदिर में पूजन के बाद शुरू हुए रामडोल के जुलूस का उद्घाटन विधायक अशोक राणा के सुपुत्र प्रियंकर राणा ने विधिवत फीता काटकर किया । इस दौरान उन्होंने अखाड़े खेलकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इसके उपरांत बारिश के बीच जुलूस युवा राजपूत आखाड़े और झांकियों के साथ मुहल्ला चौधरियन, वीरथला से होकर मुहल्ला अचारजान स्थित सैनी धर्मशाला पर पहुंचा। वहां से युवा सैनी अखाड़ा और कई झांकियां भी इसमें शामिल हो गईं। जुलूस मुख्य बाजार और अन्य परम्परागत मार्ग से होकर देर शाम गढ़ी मंदिर पहुंचकर संपन्न हो गया। अखाड़ों में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, वहीं राधा-कृष्ण, कृष्ण सुदामा, शिव-पार्वती सहित कई मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। बारिश के बावजूद जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं और युवाओं में उत्साह और जोश दिखाई दिया। हालांकि शुरू से अंत तक बारिश न रूकने से झांकियों के कलाकारों को दिक्कत का सामना करना पड़ा, परंतु अखाड़ों में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ करतब दिखाए। जुलूस का नेतृत्व भाजपा नेता कामेश्वर राजपूत और खलीफा महेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर ठाकुर यतेन्द्र गहलौत, पवन कुमार, सभासद विपिन कुमार, बब्लू चौहान, राम सिंह सैनी, देशबंधु सिंह, दौलतपाल, विक्की चौहान, अशोक चौहान, महाराज निपेंदर शर्मा, संजीव कुमार, अनिल कुमार, राधे सैनी, सोनू सैनी, मुकेश सैनी आदि उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स जुलूस के साथ रही। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस सम्पन्न होने तक पुलिस फोर्स मौजूद रही।


अखाड़े में करतब दिखाते प्रियंकर राणा

# मालन में उफान, रावली रपटा पानी में डूबा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते जिले की मालन और गंगा नदियों में जलप्रवाह बढ़ गया है। मालन नदी में उफान आने से रावली रपटे पर पानी बहने लगा, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई। प्रशासन ने लोगों से पानी के बीच से गुजरने से बचने की अपील की है। नदियों में बढ़ते जलप्रवाह को देखते हुए सिंचाई विभाग अलर्ट हो गया है। यूसुफपुर-बाकरपुर तटबंध समेत मालन और गंगा नदी के संवेदनशील स्थानों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की 24 घंटे निगरानी जारी है। फिलहाल तटबंध सुरक्षित हैं और

## गंगा बैराज पर 1.21 लाख क्यूसेक से अधिक जलप्रवाह, तटबंधों पर 24 घंटे निगरानी

किसी जनहानि या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। गंगा बैराज पर ऊपर की ओर 1,21,528 क्यूसेक और नीचे की ओर 1,12,528 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया। वहीं हरिद्वार के भीमगोडा बैराज से कल करीब 1,06,994 क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज हुआ। सिंचाई विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और आपात स्थिति से निपटने के लिए संसाधन व कर्मचारियों को अलर्ट रखा गया है।

# भारी बारिश के बीच धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में कल रामडोल की शोभायात्रा भारी वर्षा होने के बावजूद बड़ी धूमधाम से कल सुबह से ही नगर में तेज बारिश होने के कारण शोभायात्रा के रास्तों पर पानी भर गया था। शाम 3 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा के श्री नीलेश्वर मंदिर पहुंचने पर महाआरती का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में श्री कृष्ण राधा जी, हनुमान जी, मां काली, नरसिंह अवतार और शंकर जी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रास्तों में पानी भरा होने के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। नगर में कई संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा देर रात तक निर्धारित मार्गों से होते हुए श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का नेतृत्व अतुल रस्तोगी, नवनीत मित्तल, विजय कालरा, राकेश माहेश्वरी, कपिल रस्तोगी, ऋषभ सिंगल, विभोर मित्तल, आकाश जैन आदि कर रहे थे। सड़कों पर पानी भरा होने की वजह से सुरक्षा की दृष्टि से शोभायात्रा के मार्ग की लाइट बंद कर दी गई थी।

# किरतपुर में उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा दस लक्षण पर्व



अनिल जैन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सनातन धर्म के साथ-साथ भाद्र पद माह का विशेष महत्व है। जैन धर्म के अनुसार भाद्र पद का पूरा मास त्याग, तपस्या, पूजा, भक्ति कर आत्मा के गुणों को प्रकट करने वाला है। महीने के शुरू से ही 16 कारण व्रत आरंभ होते हैं। सोलह कारण व्रत में श्रावक 16 गुणों को प्रकट कर तीर्थंकर प्रकृति का बंध करता है। इसी माह में पर्यूषण पर्व भी आता है। पर्यूषण पर्व श्वेतांबर धर्म के मानने वाले आठ दिन तक भक्ती भाव से मनाते हैं। इसके पश्चात दिगंबर धर्म के मानने वाले शुक्ल पक्ष की पञ्चमी से 10 दिनों तक दशलक्षण पर्व अनंत चतुर्दशी तक उत्साहपूर्वक धार्मिक वातावरण में मनाते हैं। दस लक्षण पर्व के समापन पर शोभा यात्राओं का आयोजन किया जाता है। पूर्णिमा के दिन से सनातन धर्म का पितृ पक्ष आरंभ हो जाता है। दस लक्षण पर्व के बारे में अनिल जैन कहते हैं कि यह पर्व इस वर्ष 16 सितंबर 2026 से शुरू होकर 25 सितम्बर 2026 तक उत्साहपूर्वक, विधि-विधान से विभिन्न धार्मिक क्रियाओं के साथ मनाया जाएगा। पर्व के समापन पर 26 सितम्बर को सुनहरे रथ के साथ एक भव्य शोभायात्रा श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से निकाली जाएगी। 27 सितम्बर को क्षमावणी का पर्व मनाया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर प्रधानाचार्या व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने किया। शिक्षिकाओं शगुफ्ता, बुशरा, रहमान, फरहा, रूबी आदि ने भाषण, कविता व अपने विचार रखे। प्रधानाचार्या व सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष खुर्शीद आलम एडवोकेट, प्रबंधक मौहम्मद युनूस, मौ. असलम, मौ. अनवर, मौ. आबिद व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# गोकशी में दो गिरफ्तार, बरामद हुई घटना में प्रयुक्त कार

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना पुलिस ने कई दिन पूर्व ग्राम मौअज्जमपुर तुलसी स्थित बाग में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के मामले में कोतवाली देहात निवासी इदरीस पुत्र रईस व मौहल्ला जाब्तागंज निवासी शाहनवाज पुत्र शमशाद को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि 31 अगस्त को गोकशी के मामले में पुलिस जांच में कई लोगों के नाम प्रकाश में आये थे। जिनमें से शाहनवाज व इदरीस को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त ईको कार व गोकशी के उपकरण भी बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि यहां पशु का वध करने के बाद आरोपियों द्वारा मांस बेचने के लिए कार में भरकर देहरादून ले जाया गया था।

# बारिश रुकी तो म्हाढ़ी मेले में उमड़ पड़े श्रद्धालु



# सवेरे से ही शुरू हो गया प्रसाद चढ़ाने का सिलसिला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शनिवार को प्रथम दिन बारिश की भेंट चढ़े क्षेत्र के प्रसिद्ध म्हाढ़ी मेले में आज बारिश रुकते ही श्रद्धालु उमड़ पड़े और जाहरवीर गोगाजी के समाधि स्थल पर प्रसाद चढ़ाने वालों का सिलसिला सवेरे से ही शुरू हो गया। शनिवार को पूरा दिन पड़ी बारिश के कारण मेले का मजा किरकिरा हो गया था। हालांकि कुछ श्रद्धालु आए, मगर प्रसाद चढ़ाकर चले गए थे, बारिश की वजह से मेले में रुक नहीं पाए थे। शनिवार की दोपहर से तो मेला बिल्कुल ठप्प हो गया था, मगर आज बारिश से कुछ राहत मिली तो श्रद्धालु मेले में उमड़ पड़े। प्रसाद चढ़ाने वालों की लंबी-लंबी कतार लग गई। बता दें कि म्हाढ़ी मेले में पहले दिन बारिश के कारण हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे दुकानदार बेहद मायूस थे, लेकिन आज दूसरे व अंतिम दिन मेले में उमड़ी भारी भीड़ से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं दूसरी ओर मेला प्रबंध समिति ने भी आज दूसरे दिन की अपार भीड़ को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# सीएम के संबोधन का प्रसारण दिखाया, शिक्षकों ने सम्मान पाया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों के शहरों के साथ नगर के आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधे प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा 61 प्राथमिक स्तर, 15 माध्यमिक एवं 5 अन्य शिक्षकों को मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उसके समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को इस अवसर पर सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। एआरपी डॉ राहुल वर्मा द्वारा सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जियाउर्रहमान, दीपक महेन्द्रा, राजकुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, शांति कुमार , प्रेरणा सैनी, इंदु वर्मा, शोभना वर्मा, अजय कुमार, बिन्नी, पुष्पा देवी, दीप्ति, नीरज, सुमित, उदयवीर, विपिन कुमार, नरेंद्र सिंह, इरफान, बजुल कमर, राधा रानी, शिवेंद्र विश्नोई आदि लगभग 50 शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रितेश भाटिया, सूची राणा, डॉ. मनोरमा, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, शोएब, प्रदीप, मिर्ज़ा फहीम, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

# इस्लाम में व्यापार सिर्फ़ मुनाफ़ा कमाने का ज़रिया नहीं- मुफ़्ती रिफ़ाक़त

## सामाजिक व्यवहार पर जलसे का आयोजन



**नगीना ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला क़ाज़ी सराय स्थित मस्जिद कुरैशियों वाली में शुक्रवार को बाद नमाज़ मगरिब सीरत-ए-नबी (स.अ.व.) की सुन्नतों और उनके द्वारा सामाजिक व्यवहार पर जलसे का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत मौलाना डॉ. खलीक अहमद कासमी ने की जबकि निजामत मौलाना जकी कासमी ने की। जलसे का आगाज़ कारी फरमान की तिलावते कुरान से हुआ।

मौलाना वारिस कासमी ने बारगाहे रिसालत में नात का नजराना पेश किया। बतौर मेहमाने खुसूसी दारुल उलूम देवबंद के उस्ताद मुफ्ती रिफाकत हुसैन ने आवाम से खिताब करते हुए कहा कि इस्लाम में व्यापार सिर्फ मुनाफा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि हलाल रोजी, ईमानदारी के साथ व्यापार करने का जरिया है। नबी-ए-करीम (स.अ.व) की सीरत व्यापार में सच्चाई, साफ सुथरा लेन-देन, अच्छे अखलाक के साथ वादे को पूरे करने की तालीम देती है। मौलाना शाह शफीक कासमी अफजलगढ़ी ने कहा कि समाज में सुधार की शुरुआत एक इंसान में सुधार अच्छे अखलाक और दीन की समझ से आता है। झूठ, बेईमानी, जुल्म, फोहशी को खत्म करना अच्छे समाज के लिए जरूरी है।

इस मौके पर मुफ्ती उवैस अक़रम,क़ारी हुसैन अहमद, मुफ्ती अबरार अहमद, मुफ्ती मुशाहिद हुसैन, हाफिज़ जलील अहमद, मौलाना हिफ्ज़ुर्रहमान, मुफ्ती मुहम्मद शादाब, मौलाना अब्दुल क़ादिर, मुफ्ती कफ़ील अहमद, मौलाना अतीक़ अहमद, मौलाना बिलाल अहमद, मुफ्ती अज़ीम अहमद, मुफ्ती मुहम्मद फ़ैसल, हाफिज़ मुहम्मद शकील, मौलाना वकील अहमद, मुफ्ती नजमुल हक़, मुफ्ती नबील अहमद,क़ारी मुहम्मद इकराम, क़ारी मुहम्मद फ़ैसल,क़ारी मुहक्मद अक़दस, हाफिज़ हसीब अहमद, मौलवी मुहम्मद ज़ैद और मस्जिद कुरैशी वाली के ज़िम्मेदारान हाफिज़ इमरान अहमद, मुहम्मद रैहान, मुहम्मद राशिद, मुहम्मद सलमान, मुहम्मद आबिद, मुहम्मद इक़बाल आदि मौजूद रहे। अंत में जलसे के आयोजक मुफ्ती कमर आलम ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## खेल अनुदेशक ओमप्रकाश सिंह सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के मौके पर बीआरसी कार्यालय हल्दौर में आयोजित शिक्षक सभा में तमाम शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगदासपुर में तैनात खेल अनुदेशक ओमप्रकाश सिंह को खेलों में अपना अहम योगदान देने व नवाचार के लिए हल्दौर ब्लॉक प्रमुख श्री विजेंद्र सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी हल्दौर एसके गिरि ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

## विद्यालय स्टाफ को सम्मानित किया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल उलेढा में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व पुलिस निरीक्षक एवं ग्राम विकास समिति के सहप्रांत संयोजक संग्राम सिंह ने वंदना सत्र में आचार्य परिवार एवं सभी कर्मचारी बंधुओं को उपहार स्वरूप वेश प्रदान किये। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान ने श्रीमद् भागवत गीता सप्रेम भेंट की तथा शिक्षक दिवस कार्यक्रम में भैया-बहनों को समझाते हुए दया शब्द की बहुत ही सुंदर व्याख्या की। इस दौरान उन्होंने देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विषय में विस्तार से चर्चा की। आचार्य वीर सिंह और भैया बहनों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।



# वर्धमान कॉलेज में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन







**बिजनौर ( चिंगारी )। वर्धमान कॉलेज बिजनौर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस कार्य को सम्पन्न कर रहे हैं। शिक्षा और शिक्षक का सम्बन्ध प्राण और शरीर के समान है। सांस्कृतिक समिति की

### सांस्कृतिक समिति ने प्राचार्या को सम्मानित किया

अध्यक्ष डॉ. रेशु शर्मा द्वारा अतिथियों एवं शिक्षकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा उर्वशी व हिमांशी ने सभी प्राध्यापकों एवं अतिथियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया। छात्रा किरण द्वारा स्वागत नृत्य, सुनेना द्वारा शिक्षक दिवस संबंधी भाषण व महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रिद्धि अग्रवाल द्वारा उत्कृष्ट गायन किया गया। इसी क्रम में रिद्धि अग्रवाल तथा सहयोगी छात्राओं द्वारा शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेल का आयोजन भी किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं का सामूहिक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. कविता एवं डॉ. रेनू चौहान ने शिक्षकों हेतु मनोरंजक खेल का आयोजन किया। सांस्कृतिक समिति की ओर से प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना को सम्मान स्वरूप शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के सदस्यों डॉ. दिव्या जैन, डॉ. सोनल शुक्ला, डॉ. चारू आर्य, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. दुर्गा जैन, डॉ. अर्चना, डॉ. चेतना, डॉ. कविता, डॉ. रेनू चौहान और डॉ. शिवानी शर्मा के अलावा महाविद्यालय के लगभग सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# हल्दौर के स्कूल-कालेजों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल


हल्दौर ग्रुप ऑफ कालेज


सेंट मैरी स्कूल हल्दौर

**हल्दौर ( चिंगारी )। नगर के स्कूलों में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई।**

हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण एवं प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. अनुज कुमार व प्राचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह त्यागी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, चरित्र एवं भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल** में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सलील सर, विद्यालय के मैनेजर एडवोकेट नवीन कुमार तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

**साई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल** में प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रेरणा शर्मा, हिमांशु चौहान, विनय प्रकाश, मोहित शर्मा, भावना, प्रिया चौधरी, गौरव राजपूत, रितिक जोशी, सोनू जोशी एवं जसविंदर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उनके चरित्र एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**डॉ.फकीरचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, जयंती प्रमुख सुशीला देवी, वैशाली, एकता, हेमराज सिंह, शीशपाल सिंह सहित समस्त आचार्यों एवं आचार्याओं द्वारा श्रद्धापूर्वक पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन करते हुए गीत, भाषण एवं कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। व्योम वर्मा, आरुष, हर्षिका, गुंजन, रागिनी, भूमि, बेदीका, चिराग चौहान, प्रिया आदि भैया-बहनों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत एवं आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

**सेंट मैरी स्कूल हल्दौर** में कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर की वंदना करते हुए एक भावपूर्ण 'प्रेयर डांस' (प्रार्थना नृत्य) से हुई। शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए एक विशेष 'केक कटिंग' सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में सबसे ज्यादा रोमांचक पल 'मिस्टर एंड मिस' प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला। शिक्षकों के व्यक्तित्व, प्रतिभा और आत्मविश्वास के आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सर लोकप्रिय को 'मिस्टर' और सपना राजपूत मैम को 'मिस' चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन टीम से प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट, सिस्टर फिलबी, सिस्टर धान्या, सिस्टर प्रिशियस और सिस्टर क्लेरेट विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# मिलेनियम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षकों के सम्मान के साथ किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर मीना सिंह एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्टर अबुल कलाम, अकाउंटेंट सत्येंद्र कुमार ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि बच्चों को संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए

# राष्ट्र सेवा मंच ने शिक्षक संदीप कुमार को किया सम्मानित

**हरेवली ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ अफजलगढ़ के अध्यक्ष संदीप कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय सहयोग, समर्पण एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्र सेवा मंच सामाजिक संस्था, जसपुर की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष निकेशचंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री यशपाल शर्मा ने संदीप कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों का समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। संदीप कुमार ने सम्मान के लिए राष्ट्र सेवा मंच सामाजिक संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



# विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता स्वीकार्य नहीं : मंडलायुक्त

## जल जीवन मिशन योजना में शेष 52 परिवारों को जल्द कनेक्शन देने के निर्देश

### बास्टा-मानपुर-अहराला मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का लिया जायजा


सीडीओ से जानकारी लेती हुईं मंडलायुक्त।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद मंडल की मंडलायुक्त संगीता सिंह ने शनिवार को जनपद बिजनौर के भ्रमण के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने चांदपुर-बास्टा-मानपुर-अहराला मार्ग का निरीक्षण किया। ओडीआर (अन्य जिला मार्ग) के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड द्वारा कराया जा रहा है। 69.25 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 39.47 करोड़ रुपये की लागत से दो लेन में कराया जा रहा है। परियोजना का करीब 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि इसे 23 मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा कार्य को तय समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद मंडलायुक्त ने विकास खंड नूरपुर के ग्राम बेड़ा खुर्द में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना की पानी की टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। योजना के तहत गांव के 780 परिवारों को पेयजल कनेक्शन दिए जाने हैं, जिनमें से अब तक 728 परिवारों को कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। मंडलायुक्त ने शेष 52 परिवारों को भी जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

367.57 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना के तहत कार्यदायी संस्था वीटीएल के प्रतिनिधि को ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सेक्रेड हार्ट चर्च, राजा का ताजपुर का भी दौरा किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षा दी जाती है, ज्ञान प्राप्त किया जाता है- अशोक कटारिया

## जीवन विद्या न्यास के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोविंदपुर खारी स्थित जीवन विद्या न्यास के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण शनिवार को पूर्व मंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अशोक कटारिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा केंद्रों को ज्ञान केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्री कटारिया ने कहा शिक्षा दी जाती है और ज्ञान प्राप्त किया जाता है, इसलिए सभी छात्र-छात्राएं ज्ञान प्राप्त कर एक अच्छा राष्ट्रभक्त बनने की प्रेरणा प्राप्त करें। उन्होंने वहां बन रहे 250 शैया वाले स्वास्थ्य संयम संस्थान प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र को 15 किलोवाट का सोलर पैनल अपनी विधायक निधि से देने की घोषणा भी की।

स्वामी सच्चिदानंद के भांजे, विद्यालय प्रबंधक एवं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रशान्त महर्षि के संचालन में हुए भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक उनके छोटे मामा सरदार अर्जुन सिंह समदर्शी ने की। अपना सम्पूर्ण



जीवन लगाने वाले ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. रण सिंह आर्य ने वहां उनके मार्गदर्शन में चल रहे सभी प्रकल्पों की जानकारी दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि अमित गोयल कुलाधिपति विवेक विश्वविद्यालय और डॉ. अनिल सिंह चेयरमैन भगवंत ग्रुप ने एक वर्ष तक प्रतिमाह 21 हजार रुपये शिक्षकों के मानदेय के लिए विद्यालय को देने की घोषणा की। कार्यक्रम को भाजपा नेत्री डा. रचना पाल, डॉ. टी.सी. अग्रवाल, अरविंद कुमार आरवीआईटी, पंडित विनोद गोस्वामी आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन डा. नवनीत गर्ग, चेयरमैन झालू लोकेंद्र सिंह, चौधरी धीर सिंह, भाजपा नेता रंजीत चौधरी, रवि चौधरी, शशिकान्त बालियान, मणि चौधरी, कुशलपाल सिंह, अशोक मधुप, अजय वत्स, ध्यान सिंह, योगेंद्रपाल योगी, मनीष गोयल, सतीश त्यागी, प्रदीप सेठी, रिफाकत मिर्ज़ा, अजय माहेश्वरी, विनय अग्रवाल, अचल अग्रवाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अशोक कटारिया।

# जहानाबाद विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




**जहानाबाद ( चिंगारी )।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जहानाबाद में शनिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम एवं सम्मान का इज़हार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय के सभी अध्यापकों ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को स्मरण किया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखते हैं। बच्चों की प्रस्तुतियों एवं स्नेहपूर्ण भावनाओं ने शिक्षक दिवस समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक, शफ़ीक़ अहमद, तरुण गुप्ता, डा.अतीक अंसारी,प्रियंका रानी,कृष्ण कुमार, दुरअफशा, घनश्याम सिंह मौजूद रहे।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# विद्यालय में हुई शतरंत व बैडमिंटन प्रतियोगिता

**खासपुरा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय रघुकुल ग्लोबल एकेडमी में विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को अंतर-सदनीय शतरंज एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में रविकुल ने प्रथम, कवचकुल ने द्वितीय, भुकुल ने तृतीय तथा सिंहकुल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन की बालिका एकल प्रतियोगिता में सिंहकुल की अदिति प्रथम, भुकुल की दृष्टि द्वितीय, कवचकुल की मानसी तृतीय तथा रविकुल की नवनीत चतुर्थ रहीं।



बालिका युगल में कवचकुल की दीपिका एवं जाह्नवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रविकुल, सिंहकुल और भुकुल की टीमों ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान हासिल किया। बालक एकल में रविकुल के अयान मलिक प्रथम रहे तथा कवचकुल, सिंहकुल और भुकुल के खिलाड़ियों ने क्रमशः दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। बालक युगल में कवचकुल के सानिब एवं उत्कर्ष प्रथम रहे। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी त्यागी ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई दी और पुरस्कार वितरण किया।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल में शिक्षक दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम






**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में गुरुजनों के सम्मान एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर प्रज्ञा यादव, निर्देशिका प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, अनीता चौधरी, प्रेसीडेंट ठाकुर गजेन्द्र सिंह, प्रभा ठाकुर ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'राम आएंगे', 'तुम आशा विश्वास हमारे', 'गुरु भक्ति-शुक्रिया' आदि प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय एवं भावपूर्ण बना दिया। कविता एवं स्किट के माध्यम से विद्यार्थियों ने आधुनिक जीवन में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव तथा उसके नकारात्मक पक्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। 'राम नाम बोल', 'जब जीवन का रण हो भारी' तथा 'हमारा स्कूल' आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'आई एम प्राउड ऑफ यू , माई टीचर्स' कार्यक्रम में नृत्य शैली में अपनी भाव भंगिमाओं से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिनय, संगीत एवं मंचीय प्रतिभा की उपस्थित अतिथियों ने मुक्तकंठ से सराहना की। समारोह की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर प्रज्ञा यादव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति एवं कला प्रदर्शन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। समारोह में कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# शोभायात्राओं के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तिमय हुआ नगीना देहात

## कलाकारों व झांकियों ने मोह लिया सबका मन

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** नगीना देहात क्षेत्र की सबसे बड़ी श्री कृष्णा जन्माष्टमी शोभायात्रा रायपुर सादात में निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कलाकारों ने अपने करतब से तथा श्री कृष्ण व राधा की आकर्षित झांकियों व डीजे ने सबका मन मोह लिया। शोभायात्रा हर वर्ष की भांति भारतीय जनता पार्टी के लोग व अनेक संगठन के कुंवर प्रशांत सिंह, कुंवर नीरज, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, कुंवर प्रशांत कुमार, जिला प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी रजनीश शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि खुशहाल सिंह, रविंद्र कुमार, करण डीलर, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप वर्मा, जगराम सिंह, रामगोपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामावतार, डॉ. पवन, डॉ. सुशील कुमार, सागर चौधरी, राजा प्रधान, हिमांशु चौहान, सचिन चौधरी, राकेश कुमार पाल, डॉक्टर सरबजीत सिंह, पलविंदर सिंह, टीटू अनिल शर्मा, दीपक शर्मा, बिटू पाल, डॉ. संदीप शर्मा, भारत सिंह, रविंदर, मंडल अध्यक्ष रायपुर सहदेव भारद्वाज, मंडल महामंत्री हेमराज चौहान, संदीप वर्मा, अनिल राणा, दुष्यंत सिंह, महावीर सिंह, देशराज सिंह, तेजपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, राजीव कुमार, अभिनेंद्र सिंह, दिग्विजय, कुंवर शरद कुमार, सुधीर कुमार, कपिल कुमार, सोनू सैनी, धर्मेंद्र कुमार आदि की शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

ग्राम लालवाला ऋषि पाल ने श्रीकृष्णा शोभा यात्रा का उद्घाटन किया। इस दौरान युवाओं, महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा देर रात तक भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगीना देहात थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह व उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे। ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाया। शोभायात्रा में ऋषि पाल, भारत सिंह, चरण सिंह, राजवीर सिंह, गोविंद, अरुण विकास पाल, भूपेंद्र बंसल पाल, सोमपाल, टीकम, अर्जुन, कृष्णा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



टांडा माईदास की कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी।



रायपुर सादात में शोभा यात्रा के दौरान करतब दिखाते निहंग सिख।

## टांडा माईदास में रही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

ग्राम टांडा माई दास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांवों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टांडा माई दास में ग्राम प्रधान विमला देवी ने पुराने शिव मंदिर पर श्री कृष्णा जन्माष्टमी शोभायात्रा का किया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा में मौजूद ग्राम प्रधान विमला, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, आकाश गुप्ता, हिमांशु अग्रवाल, सौरभ, मनीष, रामकुमार, विक्की गुप्ता, संदीप गुप्ता, डॉक्टर योगेश संजीव अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, डॉक्टर सुशील उर्फ पिंकू, एडवोकेट रोसिक लाल गौड़याल, डॉक्टर योगेंद्र चौहान, रविंद्र डीलर आदि श्रद्धालु लोग मौजूद रहे डीजे और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह ग्रामीणों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

## जेके मॉडर्न स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस




**धामपुर (चिंगारी)।** जेके मॉडर्न एकेडमी, धामपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने शिक्षकों के प्रति आदर, कृतज्ञता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जितेन्द्र चौहान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान के साथ-साथ संस्कार और सही दिशा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। विद्यालय की एम.डी. श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि एक अच्छे शिक्षक की प्रेरणा विद्यार्थी के पूरे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

## 'शिक्षक रत्न सम्मान' से किया गया सम्मानित

**धामपुर (चिंगारी)।** समाज में शिक्षक का स्थान सदैव सम्माननीय रहा है। एक शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा भी प्रदान करता है। इसी भावना को सम्मान देने के उद्देश्य से आरएमके भारत न्यूज़ द्वारा भव्य शिक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बबीता रानी, बबीता गुप्ता, प्रगति शरण, मुकेश कुमार, रवि कुमार, मोहम्मद बुकरम, अदनान उम्मती, सतविंदर चौधरी, अशोक कुमार, सोमेंद्र कुमार, अनीता चौहान, ऐश्वर्या चौधरी, शालिनी शर्मा, अरुण शर्मा एवं हफीजुर्रहमान 'मासूम' सहित अन्य शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी जावेद अली, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश रस्तोगी ने की। इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह सलूजा, गुरदीप चावला, दिनेश चंद नवीन, अनिल शर्मा कोरियोग्राफर रोमियो मयूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।




## श्याम नवयुवक सैनी संगठन के सेवादार ललित सैनी का निधन

**धामपुर (चिंगारी)।** नेताजी सुभाष मार्ग पर गैस एजेंसी के सामने ठेला लगाकर नागरिकों को सस्ता भोजन कराने वाले श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजिस्टर्ड) धामपुर के सेवादार ललित सैनी का बीती रात उपचार के दौरान सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में स्वर्गवास हो गया। वह लगभग 45 वर्ष के थे। ललित सैनी का सैनी भोजनालय दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। सरकारी कार्यालय में सर्विस करने वाले अधिकारी और आम नागरिक उनके यहां सस्ता और बढ़िया भोजन ग्रहण करते थे। आज प्रातः 8 बजे उनका शव नेताजी सुभाष मार्ग स्थित उनके आवास पर पहुंचा, जहां श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन के पदाधिकारियों ने पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। ललित सैनी अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र और पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। शोक व्यक्त करने वालों में श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन रजि. धामपुर के सेवादार राजेंद्र सैनी, विपिन कुमार, नौबहार सिंह, आकाश राजपूत, नीरज सैनी, अनिल कुमार शर्मा, टीकू, विकास सैनी, रोहन सैनी, गौरव सिंह, सुशील कुमार, दीपक कुमार (ओम जूस सेंटर), ललित सैनी युवा मोर्चा जिला महामंत्री भाजपा, श्री श्याम मित्र मंडल के सेवादार विकास वशिष्ठ, हनी गोस्वामी, मुकेश अग्रवाल, कृष्ण रस्तौगी अन्य गणमान्य लोग रहे।



फाइल फोटो ललित सैनी

## लगातार बारिश से जड़ से उखड़ गया पिलखन का पेड़

**धामपुर (चिंगारी)।** पुराना धामपुर चुंगी के निकट लगा लगभग 40 वर्ष पुराना पिलखन का पेड बीती रात लगातार पड़ रही बारिश से सड़क पर गिर गया। गनीमत यह रही कि जिस समय यह पेड़ गिरा उस समय सड़क पर वाहन व पैदल नागरिक नहीं गुजर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग ने पेड़ को रास्ते से हटाकर यातायात सुचारु कराया। नगीना चौराहे से शेरकोट चुंगी तक की रोड के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। लोक निर्माण विभाग इस सड़क पर डिवाइडर का भी निर्माण करेगा। सड़क चौडीकरण के लिए बिजली के तारों और खम्बो को शिफ्ट किया जा रहा है, जिसके लिए विद्युत विभाग पिछले लगभग एक सप्ताह से सड़क के निकट मिट्टी की खुदाई कर रहा है। खुदाई होने के कारण पुराने धामपुर की चुंगी पर लगा हुए पिलखन के पेड़ की जड़े कमजोर हो गई जिस कारण यह पेड़ बीती रात भरभरा कर गिर पड़ा।



सड़क पर गिरा हुआ पिलखन का पेड़।

### शराबियों के सर से उठी 'छत्रछाया'

जिस स्थान पर यह पिलखन का पेड़ लगा हुआ है उसी के निकट देशी,अंग्रेजी शराब और बियर शॉप हैं शराबी जब यहां आकर मदिरापान करते थे तब वह कुछ देर आराम करने के लिए चादर बिछा कर पिलखन के पेड़ की छाया में लेट जाया करते थे। परंतु अब यह पेड़ गिर गया है। उल्लेखनीय है कि नगर में पेड़ गिरने के कारण तीन स्थानों पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लगभग 6 माहपूर्व आरएसएम इंटर कॉलेज के मैदान के पास पेड़ गिरने से ग्राम सुहागपुर निवासी एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। लगभग एक सप्ताह पूर्व धामपुर में खारी कुआं पर एक पीपल के पेड़ की शाखा टूट कर सड़क पर गिर जाने के कारण एक व्यक्ति घायल हो गया था। तीसरी घटना बीती रात पुराना धामपुर की चुंगी पर हो चुकी है।

# मूलचन्द एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटद्वार रोड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने सुंदर राधा-कृष्ण वेशभूषा में सभी का मन मोह लिया। नर्सरी में वेदान्त प्रथम, लक्षिता सिंह व जियान रहमान द्वितीय, गार्गी व आराध्या तृतीय, एलकेजी में आरवी, छवि व भूमिका प्रथम, मोहम्मद हमदान व नक्षत्रराज द्वितीय, मान्या शर्मा व यशवीर तृतीय, यूकेजी में अनुष्का व निशिव कुमार प्रथम, किन्जा व अनन्या द्वितीय, गौरांग, नबिया व शांतनु तृतीय, कक्षा एक में



आयजा, प्रज्ञा, खतीजा एवं मन्नत प्रथम, नमन चौहान व लवयांश सैनी द्वितीय, तन्वी व अनुष्का मजूमदार, अरुण व हुमैरा तृतीय रहे। कक्षा द्वितीय से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए बांसुरी डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान पर गुरजीत व आदित्य, आबान व जुवेरिया द्वितीय व हिफ्ज़ा तृतीय रही। कक्षा तृतीय में दिलजीत प्रथम, दिशा द्वितीय, अज़्मा तृतीय रही। कक्षा चतुर्थ में जैनब प्रथम, कुलसुम द्वितीय, कनक तृतीय रही। कक्षा पांचवी में हुमैरा प्रथम, लोक द्वितीय, काव्या व रिम्शा तृतीय रही। विद्यालय के प्रबन्धक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता चौहान, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सत्य, सद्भावना एवं कर्म का संदेश अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## किसान मजदूर महासंग्राम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोबीन अंसारी को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** किसान मजदूर महासंग्राम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोबीन अंसारी ने नजीबाबाद पहुंचकर कई दिनों से बीमार चल रहे संगठन के बिजनौर जिला उपाध्यक्ष सलमान आलम के पिता एडवोकेट नसीम आलम का हालचाल जाना। इस मौके पर एडवोकेट नसीम आलम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मोबीन अंसारी को शॉल ओढाकर सम्मानित करते हुए मिज़ाज पुरसी की तथा तशरीफ़ लाने के लिए शुक्रिया अदा किया।



किसान मजदूर महासंग्राम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोबीन अंसारी के नजीबाबाद आगमन की सूचना पाकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सलमान आलम के आवास पर जमा हो गये। इस दौरान संगठन के साथियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष मोबीन अंसारी ने मुलाकात कर संगठन के संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। इस मौके पर नसीम आलम एडवोकेट, सलमान आलम, सुलेमान खान, आदिल चौधरी, शारिक सिद्दीकी, रेहान सिद्दीकी, शाहिद सिद्दीकी, डॉ. वसीम बारी, नवाब अली व आकिल चौधरी मौजूद रहे।

## पत्रकार बताकर ठगी करने वाले दो व्यक्तियों पर मुक़दमा दर्ज

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जलालाबाद के राशन डीलर द्वारा न्यूज़ चैनल के नाम पर दबाव बनाकर ठगी करने के मामले में चैनल के जनपद बिजनौर ब्यूरो चीफ रणवीर सिंह निराला को सूचना दी गई। जिस पर निराला ने तत्काल एक प्रार्थना पत्र थाना नजीबाबाद पुलिस को दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आईपीएस की धारा 420 व बीएनएस की धारा (318) के तहत आदर्शनगर के तातारपुर निवासी मिथुन कुमार भारती व अनुज वर्मा निवासी आदर्शनगर के खिलाफ अपने आपको यूट्यूब चैनल व अखबार का पत्रकार बताकर राशन डीलर से 1000 की अवैध वसूली किये जाने का मुकदमा दर्ज किया है।

## मुनाफाखोर जनता को रहे लूट, सरकार ने दी उन्हें खुली छूट

### सरकार की कथनी व करनी में अंतर- काजी जियाउर्रहमान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने देश में चीनी और अन्य खाद्य वस्तुओं के आसमान छूते दामों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार काला बाज़ारियों को लूट की खुली छूट देकर आम नागरिकों, ग़रीब मज़दूरों का गला घोंटने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ़ सरकार ज़ीरो प्रतिशत टॉलरेंस की बात करती है, दूसरी तरफ़ माफियाओं व काला बाज़ारियों को संरक्षण देकर फलने फूलने का मौका दे रही है। उधर, नशा माफिया युवा पीढ़ी को नशे की लत में डालकर देश को खोखरा बनाने में लगे हैं। युवा पीढ़ी नशा करने में इतनी मस्त है कि उन्हें भविष्य की चिंता ही नहीं है। अपने नशे की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अपराधों में लिप्त होती जा रही है। नेपाल त्रासदी पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि चीन अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने के चक्कर में वनों और पहाड़ों का दोहन कर रहा है। पेड़ कटने की वजह से तापमान बढ़ रहा है, जिस कारण ग्लेशियर पिघल व फट रहे हैं। नेपाल त्रासदी इसी का नतीजा है। उन्होंने स्योहारा निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी फहीमउर्रहमान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय चौधरी फहीमउर्रहमान व्यावहारिक, मृदुभाषी स्वभाव के थे। ज़िले ने एक अच्छा और नेक नेता खो दिया है।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अफ़ज़ाल अंसारी का हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने किया स्वागत



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा में बुधवार की रात हाजी रफ़ीक़ अंसारी के आवास पर आइरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी अनीस ठेकेदार एवं संचालन शहज़ाद मलिक ने किया। हाजी रफ़ीक़ अंसारी, हाजी युसूफ ठेकेदार व अनीस ठेकेदार ने जिला अध्यक्ष अफ़ज़ाल अंसारी का फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है। पत्रकार समाज की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि वह पत्रकारों के सम्मान व उनके हक़ की लड़ाई के लिए वह हमेशा आवाज़ उठाते रहेंगे। इस अवसर पर पत्रकार डॉ. आफ़ताब नोमानी, शहज़ाद नोमानी, नौशाद मुल्तानी, सोनू आदित्य, आकिफ हुसैन, बहार आलम, खिज़र अहमद, गुलज़ार कुरैशी, ज़ीशान नजीबाबादी, सरफ़राज़ अब्बासी, मुशर्रफ हुसैन आदि का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हाजी यूसुफ़ ठेकेदार, हाजी मुंशी रईस, हाजी इक़बाल अंसारी, डा. सईदुर्रहमान, नईम अहमद, मोनू अंसारी, शाहनवाज़ अहमद, मुनीर अहमद, नौशाद खान, शमीम अहमद, शहज़ाद अहमद, अतीक ठेकेदार, आतिफ़ अंसारी, सलीम एड., कमाल सिद्दीकी, आकिब अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रदर्शनी में बच्चों ने सुंदर मॉडल बनाकर अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आर्यस कॉन्वेंट एकेडमी नजीबाबाद में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने तरह-तरह के मॉडल बनाकर अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। इस प्रदर्शनी में दो ग्रुप बनाए गए। जिसमें प्रथम स्थान पर हिंज संधि रहे। दूसरा मॉडल जल विद्युत रहा, इसमें गर्वित, राज बहादुर, शौर्य, अरनव, शशांक, सूर्यांशु, अथर्व व अमायरा ने विजय हासिल की। द्वितीय स्थान पर जलशोधन विषय पर बने मॉडल में पीहू, आर्ची, अयांश ने जीत हासिल की। वाटर साइकिल मॉडल बनाकर इसी ग्रुप के द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों में परिधि, आराध्या, अंशिका, अवनी, ईशानी व पायल ने विजय प्राप्त की। दूसरे ग्रुप में परिदर्शी यंत्र बनाकर विनायक, अनुराग, देव व हर्ष ने जीत हासिल की। इसी ग्रुप में चलती सीढ़ी मॉडल बनाकर अथर्व, अक्षय ने भी विजय प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय की एमडी श्रीमती श्रुति आर्य की उपस्थिति रही। उन्होंने व विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रजनी शर्मा, रणजीत सिंह एवं अभिभावकगणों ने सभी बच्चों के मॉडल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मॉडल बनाने में सहयोग देने वाले शिक्षकगणों में पंकज कुमार, शगुन, रेनू राजपूत व लक्ष्मी चौहान का विशेष योगदान रहा।

# आधी रात तक रही चहल-पहल, मंदिर सजाये, गीत-भजन गाये

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को जन्माष्टमी का व्रत रखा और विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही क्षेत्र में चहल-पहल और उत्साह का माहौल नजर आया। मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला चलता रहा। इस मौके पर प्राचीन गढ़ी मंदिर, चुंगी नम्बर पांच के पास स्थित शिव मंदिर, द्रोपदा मंदिर, बाल भारती मंदिर, दक्ष स्कूल वाले मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर घरों और मंदिरों में पूजा-







अर्चना की। रात होने पर मंदिर इलेक्ट्रिक झालरों की रोशनी में जगमगाते दिखाई दिये। दिन भर क्षेत्र में राधा-कृष्ण की मनमोहक पोशाकों में बच्चे घूमते दिखाई दिये। रात के समय मंदिरों में कीर्तन का आयोजन होने से चहल पहल



दिखाई दी। दूसरी ओर विगत वर्षों की भांति इस बार भी गांव उमरपुर आशा में आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक के घर पर परंपरागत रूप से श्री कृष्ण झूला व रामडोल सजाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और कृष्ण जी को झूला झुलाया। रात को भजन कीर्तन, श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# हर व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का होता है बड़ा योगदान : बलूनी

## वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्थान समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्थान समिति की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर नगरनिगम के प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और शिक्षा से जुड़े अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गढ़वाल सासंद अनिल बलूनी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, महापौर शैलेंद्र रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ,प्रदेश मंत्री सतीश लखेड़ा एवं समिति के अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का बड़ा योगदान होता है। शिक्षक बच्चों के भविष्य की राह को प्रशस्त करते हैं। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष




ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि शिक्षक बच्चों को देश, समाज और जीवन के प्रति जागरूक करता है। समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और भविष्य के सचेतक है। बिना शिक्षकों के सम्मान के एक आदर्श समाज की परिकल्पना अधूरी है। तत्पश्चात शिक्षा और शिक्षा से जुड़े अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

**ये हुये सम्मानित-**

**सम्मानित होने वालों में डा. डी एस नेगी, डा. त्रिलोक सोनी, सत्यदर्शन सिंह रावत, कमल किशोर उप्रेती, पूनम पांथरी, सरोज रावत, कमल रावत, सीतांशु खुगशाल, सिंधु कोठारी, बबीता ध्यानी, जितेंद्र नेगी, दीपक नौटियाल, नरेश देवरानी, ममता भंडारी, लक्ष्मी चौहान, रश्मि उनियाल और सुनीता डंडरियाल आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।**

**ये रहे उपस्थित-**

**इस दौरान राकेश मोहन ध्यानी, सुनील रावत , सुरेश शर्मा, कमल नेगी, ऋतु चमोली, पंकज भाटिया, हेमन्त गौड़, गौरव मिश्रा,अनीता आर्य, अनुराग कोटनाला, हरि सिंह पुण्डीर और विजय सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।**

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 121 वीं जयंती शिक्षक दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. विष्णु सिंह रावत सामाजिक संस्था की ओर से स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त व सेवारत शिक्षकों के साथ ही शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि अपर शिक्षा निदेशक बृजमोहन सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि सर्व शिक्षा अभियान के राष्ट्रीय सलाहकार डा.प्रेम बहुखंडी, अतिविशिष्ट अतिथि सेनि. जिला शिक्षा अधिकारी सुदर्शन सिंह बिष्ट, कार्यक्रम संयोजिका रंजना रावत, सेनि. प्रधानाचार्य भुवन मोहन गुसाईं व पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजयपाल रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर संस्था संयोजिका रंजना रावत ने कहा कि छात्र जीवन में शिक्षक का महत्व बहुत अधिक है क्योंकि वे ज्ञान देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के चरित्र और भविष्य को भी आकार देते हैं। वे छात्रों में अनुशासन, ईमानदारी, और सम्मान जैसे मानवीय मूल्य विकसित करते हैं। छात्र जीवन में शिक्षकों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। तत्पश्चात सेवारत व सेवानिवृत्त शिक्षक व पब्लिक स्कूलों के शिक्षकों के साथ ही शिक्षक संघ पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

# रोटरी क्लब ने आयोजित किया शिक्षक सम्मान समारोह

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से राजकीय बालिका इंटर कालेज में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त व सेवारत अध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता व विद्यालय प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी ने दीप प्रज्वलन एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया । इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने छात्राओं को डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने और अपने शिक्षकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने अपने ज्ञान, सरलता और व्यक्तित्व से सभी के हृदय में विशेष स्थान बनाया था। प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी ने गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा के महत्व और शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात रोटरी क्लब की ओर से पूर्व छात्रावास वार्डन सीमा रावत, पूर्व प्राचार्य डा. के एस नेगी, पूर्व उप प्रधानाचार्य वीना रावत, पूर्व अध्यापिका प्रतिभा गुप्ता के साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी, प्रवक्ता मधु जोशी व प्रवक्ता नीलम नेगी को प्रशस्तिपत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब उपाध्यक्ष विजयकुमार, डी पी सिंह, विजय कुमार माहेश्वरी, संजीव अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, गोपाल बंसल और धीरजधर बछ्वाण सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# किताबी ज्ञान के साथ बच्चों में संस्कार एवं चरित्र का भी निर्माण करते हैं शिक्षक : ऋतु खंडूड़ी

## शिक्षक दिवस पर शिक्षक शिक्षिकाएं हुये सम्मानित



ऋतु खण्डूड़ी भूषण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण की ओर से पदमपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह का आरंभ प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण, सेवानिवृत्त खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. सुरेश जोशी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कोटद्वार के अध्यक्ष अजयपाल सिंह रावत, संरक्षक गिरिराज सिंह रावत एवं रजनीश बौड़ाई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए अपने गुरुजनों को याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और चरित्र का निर्माण करते हैं। कहा कि समाज की रूपरेखा गढ़ने वाली पहली गुरु मां होती हैं और दूसरे गुरु हमारे शिक्षक एवं गुरुजन। आने वाली पीढ़ी का भविष्य और समाज का निर्माण इन्हीं के हाथों में होता है। मां बच्चों को जीवन के प्रथम संस्कार देती हैं, जबकि शिक्षक उन्हें ज्ञान, अनुशासन और सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, मानवीय मूल्यों और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव देना आवश्यक है। समारोह में सम्मानित एवं उपस्थित सभी प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि इस सम्मान से उनका उत्साहवर्धन हुआ है और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

# 'दीप शिखा' ने किया शिक्षकों का सम्मान



डॉ. विजय कुमार त्यागी को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** दीपशिखा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच हरिद्वार द्वारा शिक्षक दिवस पर आयोजित 'दीपशिखा शिक्षक सम्मान एवं कविगोष्ठी' का आयोजन राजलोक विहार कालोनी स्थित डॉ. मीरा भारद्वाज के आवास पर किया गया। अध्यक्षता कवयित्री डॉ. मीरा भारद्वाज ने तथा संचालन कवि डॉ. सुशील कुमार त्यागी 'अमित' ने किया। कार्यक्रम में प्रथम चरण में दीपशिखा शिक्षक सम्मान के अन्तर्गत बी.डी.इं. कालेज भगवानपुर (हरिद्वार) के संस्कृत शिक्षक एवं कवि डॉ. विजय कुमार त्यागी 'स्वयं' को 'भाषा के संवर्द्धन में नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के क्रियान्वयन' हेतु उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में दीपशिखा शिक्षक सम्मान- 2026 से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पूर्व शिक्षिका एवं कवयित्री डॉ. नीता नय्यर निष्ठा को 'शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान एवं साहित्यिक उपलब्धियों' के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रोफेसर एवं संस्कृत मनीषी डॉ. प्रकाश चन्द्र पन्त ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक वही होता है जो विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करके उनका सर्वांगीण विकास करता है। शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार त्यागी 'अमित' ने कहा कि भारत में अध्यापक को गुरु कहा जाता है। गुरु वह है जो अन्धकार को नष्ट करे। दूसरे चरण में दीपशिखा कविगोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. मीरा भारद्वाज, डॉ. सुशील कुमार त्यागी, डॉ. प्रकाशचंद्र पंत, डॉ. विजय कुमार त्यागी, डॉ. प्रियदर्शिनी ओली, गीता नय्यर निष्ठा, डॉ. रंजना, अभिनंदन, वृंदा शर्मा आदि ने काव्य पाठ किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# एक चप्पल के चक्कर में चली गई मासूम की जान

## उफनते नाले में गिरकर 12 वर्षीय हम्माद की मौत





**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल हुई मूसलाधार बारिश एक 12 वर्षीय बालक के लिए जानलेवा साबित हुई। बालक नाले के पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया तथा मोहल्ले में शोक छा गया। एसडीएम नजीबाबाद, थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, कस्बा इंचार्ज दीपक नागर, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, विधायक मनोज पारस, मुदस्सिर जमा खान, एडवोकेट अशरफ़ जमील, एडवोकेट सुलेमान अंसारी, मोहम्मद शादान, इकरार नेता ने पीड़ित परिवार के घर जाकर सांत्वना दी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोहल्ला अंसारियान स्थित अंसार इंटर कॉलेज की दोपहर छुट्टी के बाद बच्चे अपने घरों को जा रहे थे। कॉलेज से कुछ दूरी पर मूसलाधार बारिश के कारण स्थित नाला पानी से लबालब चल रहा था। हम्माद 12 वर्ष का चप्पल नाले में बह गया, जिसे निकालने के चक्कर में हम्माद नाले में गिरकर बहता चला गया। वहां मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया और हम्माद को नाले से निकालने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। काफी दूरी पर हम्माद को पकड़ लिया गया, परंतु तब तक वह बेहोश हो चुका था। परिजनों को साथ लेकर चेयरमैन अब्दुल मन्नान, हम्माद को लेकर बस स्टैंड स्थित एक नर्सिंग होम पहुंचे, जहां से हालात सीरियस होने पर उसे बिजनौर ले जाया गया। डॉक्टर के अथक प्रयास के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। हम्माद की मौत की ख़बर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रोना देखा नहीं जा रहा था। हम्माद के पिता मोहम्मद अफजाल अंसारी नहटौर के पास एक गांव के रहने वाले हैं। वह दिल्ली में रहकर काम करते हैं, जबकि हम्माद किरतपुर के मोहल्ला अंसारियान निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सईद अंसारी का नवासा था। वह अपनी ननिहाल में रहकर पढ़ता था। परिवार में उसकी मम्मी-पापा के अलावा एक 10 वर्ष का छोटा भाई है।

# दुर्घटना में बाल-बाल बचे आसपा नेता अशरफ जमील



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के युवा नेता अशरफ जमील एडवोकेट कल दोपहर एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे। घटनाक्रम के अनुसार शनिवार के दोपहर मोहल्ला अंसारियान निवासी 12 वर्षीय बालक मोहम्मद हम्माद पुत्र अफजाल अंसारी स्कूल से लौटते समय नाले के तेज बहाव में बह गया था, जिसे मुश्किलों से नाले से बाहर निकालकर उपचार के लिए बिजनौर ले जाया गया। अशरफ जमील एडवोकेट भी स्कॉर्पियो गाड़ी द्वारा बिजनौर अस्पताल पहुंचे थे। बिजनौर से वापसी करते समय ग्राम स्वाहेड़ी के पास भारी बारिश के कारण सड़क पर उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि अशरफ जमील व उनके साथी फहद खान को कोई गंभीर चोट नहीं आई। जैसे ही एक्सीडेंट की ख़बर परिजनों व समर्थकों को मिली, वे दुर्घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। अशरफ जमील ने बताया कि ऊपर वाले की मेहरबानी एवं लोगों के प्यार के कारण कोई गंभीर चोट नहीं आई।

# दुकानों, मकानों में भरा पानी, जर्जर मकान भरभराकर गिरा



**किरतपुर( चिंगारी )।** कल सुबह से तेज वर्षा होने के कारण पूरे नगर की सड़कों पर जल भराव हो गया। दुकानों में, घरों में भी पानी भर गया, जिससे लोग परेशान नजर आए। जैन मंदिर चौराहा, सराफा मार्केट व बाजार अस्पताल रोड, अंबेडकर नगर कई मोहल्ले में पानी सड़कों के किनारे बनी दुकानों व घरों में भर गया, जिससे काफी नुकसान हुआ। भारी बरसात के चलते कल रात 9 बजे स्थानीय रामलीला ग्राउंड के सामने स्वर्गीय सुभाष चंद्र रस्तोगी का पुश्तैनी मकान है, जो काफी समय पहले बाहर रहने चले गए थे। मकान बंद होने के कारण जर्जर स्थिति में आ गया था, जिससे वह कल रात भर-भराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि रामडोल शोभायात्रा उसी के सामने से आधा घंटा पहले निकली थी। कुल मिलाकर कोई हताहत नहीं हुआ। आज सुबह फिर वर्षा शुरू हो गई, जिससे फिर सड़कों पर पानी भर गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नगर की जनता ने अध्यक्ष अब्दुल मन्नान से इस पानी भराव से छुटकारा दिलाने की मांग की है।







